राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
National Institute of Open Schooling

विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्

आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित

हिंदी पखवाड़ा समारोह-2020

संदेश

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सबको मेरी अनंत शुभकामनाएं!

आज हम सब के लिए हर्ष और गौरव का दिन है। वर्ष 1949 में आज ही के दिन स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। इसलिए हर वर्ष 14 सितंबर को हम हिन्दी दिवस का आयोजन करते हैं। विविध भाषाओं वाले हमारे देश में हिंदी राजभाषा और संपर्क भाषा के रूप में भारत के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

हमारा संस्थान भी हिंदी भाषा की प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम राजभाषा के प्रचार-प्रसार में निरंतर की जा रही गतिविधियों के साथ-साथ प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में हिंदी पखवाड़ा समारोह/हिन्दी उत्सव का भी आयोजन करते हैं।

इस बार कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण सामाजिक दूरी संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए हिंदी पखवाड़ा समारोह की सभी प्रतियोगिताएं ऑनलाइन माध्यम से ही आयोजित की गई। सामाजिक दूरी कायम रखते हुए हमने हिंदी के प्रति अपनी भावनात्मक निकटता बनाए रखी और इन प्रतियोगिताओं में मुख्यालय और क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय केंद्रों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इसके लिए एनआईओएस परिवार के सभी सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं।

हिंदी हम सबकी भाषा है तो अवश्य ही इसके विकास की जिम्मेदारी भी सबकी है। हिंदी के प्रति हमारी निष्ठा निरंतर सुदृढ़ हो, इसके लिए आप सबसे अपेक्षा है कि :

1. शिक्षार्थियों को दी जा रही सूचनाएं, मुद्रित अध्ययन सामग्री, दृश्य-श्रव्य सामग्री आदि हिंदी में भी तैयार की जाए।
2. कंप्यूटर पर हिंदी में अधिकाधिक कार्य करें।
3. राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए जारी नियमों, आदेशों का पूर्णतया पालन करें।

संचार और प्रौद्योगिकी में हिंदी का बढ़ता प्रयोग समय की आवश्यकता है इसलिए हमें भी शिक्षा के अपने नवाचारों में हिंदी के प्रयोग की सभी संभावनाएं खोजनी होंगी और ऐसे प्रयास करने होंगे कि हमारे शिक्षार्थियों के लिए पढ़ाई आनंद से भरा अनुभव हो।

मेरा आप सभी से आग्रह है कि अपने सरकारी कामकाज के निष्पादन में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और कार्यालय में जारी हिंदी प्रोत्साहन योजनाओं में हिस्सा लें।

आइए, हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर हम संकल्प लें कि राजभाषा हिन्दी के प्रति अपना संवैधानिक दायित्व पूरी निष्ठा से निभाते हुए अपना अधिकाधिक कार्य हिंदी में करेंगे।

हिंदी दिवस पर पुन: हार्दिक शुभकामनाएं !

प्रो. श्रीधर श्रीवास्तव
अध्यक्ष

नोएडा
14 सितंबर, 2020